प्रेस विज्ञप्ति

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## रेडियो प्रोग्राम प्रोडक्शन पर तीन–दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

पन्तनगर। 21 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग में रेडियो प्रोग्राम प्रोडक्शन विषय पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेडियो प्रोग्राम प्लानिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, रिकार्डिग एवं एडिटिग के बारे में चर्चा हुई। पंतनगर नाहेप द्वारा वित्त पोषित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेडियो प्रोग्राम की योजना से लेकर प्रोग्राम उत्पादन के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में श्री मोहन कार्की, स्टेशन मैनेजर कुमाऊँ वाणी, डा. भूपेन सिंह, सहायक प्राध्यापक, उत्तराखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी एवं डा. विनय कुमार वर्मा, प्रोग्राम एक्सिक्यूटिव ऑल इंडिया रेडियो रामपुर द्वारा एक्टिव इंटरेक्शन कर विद्यार्थियों को रेडियो का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में पहुंचे अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप ने बताया कि देश के विकास में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका है। पंतनगर में स्थित सामुदायिक रेडियो के द्वारा महिलाओं, पुरूषों एवं युवाओं के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। डा. कश्यप ने छात्र–छात्राओं के प्रेरित किया कि जो छात्र–छात्राएं रेडियो से सम्बन्धित कार्यक्रम बनाना चाहते है वे हमारे सामुदायिक रेडियो केन्द्र 'पंतनगर जनवाणी' में अपनी रिकॅार्डिंग करा सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए विभागाध्यक्ष, डा. वी.एल.वी. कामेश्वरी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रेडियों के क्षेत्र में जाने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम समन्वयक, डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी रेडियो कार्यक्रम बनाने का प्रैक्टिकल ज्ञान ले पायेंगे जो उनके रेडियो जॉकी और रेडियो पेशेवर बनने में काफी मदद करेगा। धन्यवाद ज्ञापन डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल, प्रशिक्षण संयोजन द्वारा दिया गया। कार्यशाल के अंत में विद्यार्थियों द्वारा अपना फीडबैक प्रस्तुत करते हुए इस बात पर बल दिया गया कि यह कार्यशाला उनके विकास में बहुत कारगर साबित हुई है। आने वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराये जाने चाहिये जिससे वे लाभान्वित हो सकें। समापन समारोह में विभागाध्यक्ष, डा. वी.एल.वी. कामेश्वरी, प्राध्यापक, डा. एम.ए. अंसारी एव डा. अमरदीप उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 से भी अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




*प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।*

**निदेशक संचार**